6

# बीरबल की खिचड़ी

0331CH06

## सुनें कहानी

अकबर के दरबार में अनेक विद्वान् थे। बीरबल उन्हीं में से एक थे। वे अपनी चतुराई के लिए बड़े प्रसिद्ध थे। अपनी चतुराई से वे बादशाह को भी हरा देते थे। अकबर और बीरबल के बारे में अनेक कहानियाँ प्रसिद्ध हैं। लोग उन्हें बड़े चाव से सुनते-सुनाते हैं।

एक बार की बात है। अकबर किसी गाँव से होकर जा रहे थे। सर्दी के दिन थे। गाँव के लोग आग जलाकर, उसके चारों ओर बैठे बातें कर रहे थे। जब बादशाह अपने साथियों के साथ वहाँ पहुँचे तो एक व्यक्ति कह



© NCERT not to be republished

रहा था कि मैं यमुना के पानी में रातभर खड़ा रह सकता हूँ।



अकबर को इस बात का विश्वास नहीं हुआ। उन्होंने उस व्यक्ति से कहा कि यदि तुम सारी रात पानी में खड़े रहो तो मैं तुम्हें थैलीभर मोहरें इनाम में दूँगा। वह मान गया।

अगली रात वह व्यक्ति यमुना के ठंडे जल में पूरी रात खड़ा रहा। प्रातः वह बादशाह के दरबार में आया।

बादशाह ने आश्चर्य से पूछा, "तुम इतनी सर्दी में सारी रात पानी में कैसे खड़े रहे?"

उसने नम्रता से उत्तर दिया, "महाराज, आपके राजमहल से दीपक का प्रकाश आ रहा था। मैं उसे देखते हुए सारी रात पानी में खड़ा रहा।"

बादशाह ने कहा, "तो तुम मेरे दीपक की गरमी के कारण ही सर्दी से बच सके। तुम्हें कोई इनाम नहीं दिया जाएगा।"

वह बहुत दुखी हुआ और उदास होकर चला गया। उस समय बीरबल भी दरबार में उपस्थित थे। उन्होंने सोचा इस दुखी व्यक्ति की सहायता करनी चाहिए।

© NCERT not to be republished





Reprint 2025-26

दूसरे दिन बीरबल दरबार में नहीं आए। अकबर को चिंता हुई कि कहीं बीरबल बीमार तो नहीं पड़ गए। उन्होंने बीरबल को बुलावा भेजा। बीरबल ने कहलवाया कि मैं खिचड़ी पका रहा हूँ, पक जाने पर दरबार में उपस्थित हो जाऊँगा।

अगले दिन बीरबल को फिर दरबार में न देखकर बादशाह ने कुछ सोचा। फिर वे बोले, “चलो, स्वयं ही चलकर देखें कि बीरबल कैसी खिचड़ी पका रहे हैं।”

जब बादशाह बीरबल के यहाँ पहुँचे तो उन्होंने देखा कि एक बहुत लंबे बाँस के ऊपरी सिरे पर एक हाँडी लटकी हुई है। हाँडी से बहुत नीचे भूमि पर बहुत थोड़ी-सी आग जल रही है। बादशाह ने हैरानी से पूछा, “बीरबल! भला यह खिचड़ी कैसे पक सकती है? हाँडी तो आग से बहुत दूर है।”



© NCERT not to be republished



Reprint 2025-26

बीरबल ने उत्तर दिया, “हुज़ूर अगर वह व्यक्ति राजमहल के दीपक की गरमी के सहारे सारी रात ठंडे पानी में खड़ा रह सकता है तो इस आग से मेरी खिचड़ी क्यों नहीं पक सकती?”

अकबर को बात समझ में आ गई। उन्होंने दूसरे दिन उस व्यक्ति को दरबार में बुलाया और बड़े सम्मान के साथ उसे मोहरों की थैली भेंट कर दी।



## बातचीत के लिए

1. आप सर्दी को कम करने के लिए क्या-क्या उपाय करते हैं?
2. अपने द्वारा किए गए सबसे कठिन काम का अनुभव बताइए।
3. आपके अनुसार पकाने के लिए बर्तन से आग कितनी दूर होनी चाहिए?
4. क्या आपने कभी खिचड़ी खाई है? क्या आपको पता है कि इसे कैसे बनाया जाता है?



Reprint 2025-26

## सोचिए और लिखिए



1. बीरबल किसलिए प्रसिद्ध थे?
2. वह व्यक्ति पूरी रात पानी में कैसे खड़ा रहा?
3. बादशाह को उस व्यक्ति की बात पर क्यों आश्चर्य हुआ?
4. बादशाह ने अगले दिन उस व्यक्ति को इनाम क्यों नहीं दिया?
5. बीरबल ने उस व्यक्ति की सहायता कैसे की?

## भाषा की बात

**1. पढ़िए, समझिए और चिह्नित शब्दों के विपरीत शब्द लिखिए।**

जब बादशाह बीरबल के यहाँ पहुँचे तो उन्होंने देखा कि एक लंबे बाँस के ऊपरी सिरे पर एक हाँडी लटकी हुई है। हाँडी से बहुत नीचे भूमि पर बहुत थोड़ी-सी आग जल रही है। बादशाह ने हैरानी से पूछा, "बीरबल! भला यह खिचड़ी कैसे पक सकती है? हाँडी तो आग से बहुत दूर है।"

**उदाहरण** – लंबे – छोटे

................. – ................., ................. – .................

................. – ................., ................. – .................

**2. वाक्य को सही करके लिखिए—**

**उदाहरण** – अकबर के दरबार अनेक विद्वान् थे।

अकबर के दरबार **में** अनेक विद्वान् थे।

(क) अकबर और बीरबल के बारे अनेक कहानियाँ प्रसिद्ध हैं।

.................................................................................

© NCERT not to be republished



Reprint 2025-26

(ख) गाँव लोग आग जलाकर, उसके चारों और बैठे बातें कर रहे थे।

................................................................................

(ग) उन्होंने सोचा इस दुखी व्यक्ति सहायता करनी चाहिए।

................................................................................

(घ) बीरबल कहलवाया कि मैं खिचड़ी पका रहा हूँ, पक जाने पर दरबार में उपस्थित हो जाऊँगा।

................................................................................

## 3. वर्ग पहेली में खाने की वस्तुएँ ढूँढ़कर उन पर घेरा लगाइए—


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| व | ड़ा | इ | छा | छ | सां |
| दो | सा | ड | ढा | बा | भ |
| खा | ना | ली | छो | ले | र |
| रा | ज | मा | चा | व | ल |
| दा | ल | बा | टी | क | ढ़ी |
| पा | य | स | चू | र | मा |





## कहानी की बात

| वाक्य | किसने कहा | किससे कहा |
|---|---|---|
| "तुम इतनी सर्दी में सारी रात पानी में कैसे खड़े रहे?" | .............................. | .............................. |
| "चलो, स्वयं ही चलकर देखें कि बीरबल कैसी खिचड़ी पका रहे हैं?" | .............................. | .............................. |



© NCERT not to be republished



Reprint 2025-26



# जीवों एवं वस्तुओं की विशेषताएँ

**ध्यानपूर्वक पढ़िए व समझिए—**



(क) लंगूर की पूँछ लंबी है।



(ख) वह लाल गुलाब है।



(ग) चिड़िया छोटी है।



(घ) बस का आकार बड़ा है।

**1. ऊपर दिए गए वाक्यों को आपने भली प्रकार समझ लिया है। अब दिए गए वाक्यों में विशेषता बताने वाले शब्द भरिए—**

मीठा    साहसी    अच्छा    हरी    लंबा

(क) पीहू एक ............................ लड़की है।

(ख) गौरव अपने साथियों में सबसे ............................ है।

(ग) पेड़ की पत्तियाँ ............................ हैं।

(घ) अदम्य एक ............................ लड़का है।

(ङ) आम बहुत ............................ है।



© NCERT not to be republished





Reprint 2025-26

## 2. नीचे लिखे शब्दों में से जो सही शब्द हैं, उनमें रंग भरिए—

(क)

सूबह

सुबह

(ख)

वर्षा

वरसा

(ग)

सवेरा

सुवेरा

(घ)

सुझ-भूझ

सूझ-बूझ

© NCERT not to be republished





Reprint 2025-26

## आइए कुछ बनाएँ

**आइए, आज एक स्वादिष्ट व्यंजन बनाते हैं, जिसका नाम है— चटपटी भेलपूरी।**

इसके लिए आपको जो सामग्री चाहिए, वह है—

- मुरमुरे (एक कटोरी)
- बारीक कटा प्याज (एक छोटा)
- बारीक कटा टमाटर (एक छोटा)
- बारीक कटा खीरा (छोटा टुकड़ा)
- बारीक कटी हरी मिर्च (आधी)
- नीबू का रस (आधा)
- नमक (स्वाद के अनुसार)
- चाट मसाला (छोटा आधा चम्मच)
- अमचूर (एक चुटकी)
- धनिया पत्ती (सजावट के लिए)



इनको मिलाइए और चटपटी भेलपूरी बाँटकर आनंद से खाइए।

## पता कीजिए

**इस कहानी में यमुना नदी का जिक्र किया गया है। भारत की कुछ और नदियों के बारे में पता कीजिए और नाम लिखिए—**



| | |
|---|---|
| ......यमुना...... | ......गंगा...... |
| .................... | .................... |
| .................... | .................... |
| .................... | .................... |

© NCERT not to be republished



Reprint 2025-26

## झटपट कहिए

चार छाते छाते चार

चारों चक्कर खाएँ

चार चार के आठ

आठ के चार

चक्कर खाएँ चारम चार



## आइए सुनें कहानी

बीरबल की तरह एक और विद्वान् तेनालीराम भी अपनी चतुराई के लिए बहुत प्रसिद्ध थे। उनके बारे में पता कीजिए और उनके किस्से पढ़कर कक्षा में अपने साथियों को सुनाइए।

© NCERT not to be republished





Reprint 2025-26